साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिकी फुटबाल लीग ने 2026 फीफा विश्व कप मेजबानी का किया स्वागत

नई दिल्ली। अमेरिका की शीर्ष फुटबाल लीग ने बुधवार को उत्तरी अमेरिका को 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप की मेजबानी मिलने का स्वागत किया है।उत्तरी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के साथ संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप के 23वें संस्करण की मेजबानी करेगा। मास्को में हुई फीफा कांग्रेस में इन तीनों देशों ने संयुक्त रूप से मेजबानी हासिल की है।

समाचार एजेंसी एफे ने अमेरिका की फुटबाल लीग मेजर सॉकर लीग के खेल निदेशक अल्फोंसो मोंडेलो द्वारा जारी किए गए बयान के हवाले से लिखा है, कनाडा, मैक्सिको के साथ संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप 2026 की मेजबानी हमारे संयुक्त प्रयास का नतीजा है। साथ ही उत्तरी अमेरिका फुटबाल को आगे ले जाने के मिशन में बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि 2026 में होने वाला विश्व कप देश में फुटबाल को नए स्तर पर ले जाएगा। मेजर सॉकर लीग इस अहम दिन का हिस्सा बनकर खुश है।

अल्फोंसो ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, हम उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने विश्व कप को उत्तरी अमेरिका में लाने में मदद की। साथ ही उन देशों को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमारी संयुक्त नीलामी को वोट दिया। फीफा विश्व कप के 21वें संस्करण की शुरुआत गुरुवार से हो रही है।

### इस महिला क्रिकेटर ने जड़े सबसे कम उम्र में 200, मियांदाद भी छूटे पीछे

नई दिल्ली। क्रिकेट जगत में बुधवार को कई बड़े करानामे हुए, वो भी एक ही मुकाबले के दौरान. न्यूजीलैंड की महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में भी रनों की बरसात कर दी. इस टीम ने न



केवल लगातार तीसरी बार 400 से ज्यादा रन बटोरने का कारनामा किया, बल्कि उसकी प्लेयर एमेलिया केर ने इतिहास रच दिया. आयरलैंड के खिलाफ डब्लिन के कैसल एवेन्यू स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने एमेलिया केर के नाबाद 232 (145 गेंदों में) रनों की तूफानी पारी की बदौलत 440/3 रन बना डाले. इसके साथ ही एमेलिया ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जमाने का रिकॉर्ड (पुरुष और महिला क्रिकेट) अपने नाम कर लिया. सलामी बल्लेबाज एमेलिया ने 17 साल 243 दिन की उम्र में दोहरा शतक जड़कर पाकिस्तान के दिग्गज जावेद मियांदाद को पीछे छोड़ा. मियांदाद ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में 1976 में 19 साल 140 दिन की उम्र में दोहरा शतक (206 रन) जमाया था.

पुरुष और महिला- इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक

17 साल 243 दिन - एमेलिया केर (न्यूजीलैंड) विरूद्ध आयरलैंड, 2018 (महिला वनडे)

19 साल 140 दिन - जावेद मियांदाद (पाक) विरूद्ध न्यूजीलैंड, 1976 (पुरुष टेस्ट)

19 साल 254 दिन - मिताली राज (भारत) विरूद्धइंग्लैंड 2002 (महिला टेस्ट)

इसके साथ ही एमेलिया ने महिला वनडे में 232 रनों की नाबाद पारी खेलकर महिला क्रिकेट की सबसे बड़ी पारी खेली. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (नाबाद 229) को पीछे छोड़ा. बेलिंडा ने यह रिकॉर्ड 1997 में डेनमार्क के खिलाफ मुंबई में बनाया था. एमेलिया की पारी खास बात यह रही कि उन्होंने न्यूजीलैंड की पारी की आखिरी तीन गेंदों पर 4, 4 के बाद छक्का जड़कर यह कारनामा किया. सलामी बल्लेबाज एमेलिया ने 17 साल 243 दिन की उम्र में दोहरा शतक जड़कर पाकिस्तान के दिग्गज जावेद मियांदाद को पीछे छोड़ा. मियांदाद ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में 1976 में 19 साल 140 दिन की उम्र में दोहरा शतक (206 रन) जमाया था.

पुरुष और महिला- इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक

17 साल 243 दिन - एमेलिया केर (न्यूजीलैंड) 1ह्य आयरलैंड, 2018 (महिला वनडे)

19 साल 140 दिन - जावेद मियांदाद (पाक) 1ह्य न्यूजीलैंड, 1976 (पुरुष टेस्ट)

19 साल 254 दिन - मिताली राज (भारत) 1ह्य इंग्लैंड 2002 (महिला टेस्ट)

### महिला हॉकी : स्पेन दौरे का पहला मैच हारी भारतीय टीम

मेड्रिड। अपने नए मुख्य कोच शुअर्ड मरेन के मार्गदर्शन में स्पेन दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम को बुधवार को खेले गए पहले मैच में ही हार का सामना करना पड़ा. कोनसेजो सुपीरियर डे डिर्पोटेस हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मेजबान टीम स्पेन ने भारत को 3-0 से हरा दिया.

स्पेन ने इस मैच की अच्छी शुरुआत की. छठे मिनट में ही केरलोटा पेचामे ने गोल कर टीम का खाता खोला. भारतीय टीम ने गोल दागने की कोशिश कर इस स्कोर की बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन सफलता हासिल नहीं कर पाई. दूसरे क्वार्टर के 21वें मिनट में अनुपा बारला ने अपनी हॉकी स्टिक के जरिए गेंद को स्पेन टीम के गोल पोस्ट तक पहुंचाने के लिए शॉट मारा, लेकिन गोलकीपर मारिया रुइज ने इसे असफल कर दिया.

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मीडिया कवरेज पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ हुआ विरोध प्रदर्शन

- **रायगढ़ के मीडिया कर्मियों के साथ कांग्रेस, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, शिवसेना, मानवाधिकार आयोग व अन्य संगठन के लोग हुए शामिल**
- **डीन की तानाशाही को लेकर वक्ताओं ने रखे अपने विचार**



रायगढ़। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मीडिया कवरेज से डीन आदिले इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने अस्पताल परिसर में मीडिया के प्रवेश पर रोक लगा दी। वार्ड में वीडियो और फोटो खींचने पर प्रतिबंध लगा दिया।

इसके लिए बकायदा एक नोटिस भी चस्पा किया है। जिसके विरोध में गुरुवार को रायगढ़ मीडिया से जुड़े लोगों ने एक रैली निकालते हुए अस्पताल पहुंचे। वही अस्पताल परिसर में अपना विरोध जताया। रायगढ़ मीडिया के इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी से अनिल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आम आदमी पार्टी से राजेश त्रिपाठी, शिवसेना से राजेश जैन, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस आशीष यादव, मनोविकार आयोग के बिज्जू ठाकुर के अलावा कई अन्य समाज और संगठन से लोग मौजूद थे। जिन्होंने डीन आदिले के इस फैसले को तुगलकी बताते हुए जमकर आलोचना की। वही अपनी कमियों को छुपाने के लिए डीन द्वारा तुगलकी फरमान सुनाया गया है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की मजबूत शुरुआत



बेंगलुरु (आरएनएस)। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन 107 की शानदार शतकीय पारी के दम पर भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को एम.ए चिदंबरम स्टेडियम में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही अनुभनवहीन अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी मैच की पहली पारी की मजबूत शुरूआत की। पहले दिन चाय काल तक भारत ने दो विकेट गंवाकर 284 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज धवन और मुरली विजय 105 रन बनाकर आऊट हुए। धवन भारत के एकमात्र ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने किसी भी टेस्ट मैच की पहली पारी के पहले सत्र में शतक जड़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह छठे स्थान पर हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया के विक्टर ट्रंपर, उनके हमवतन चार्ली मैकार्टनी, डॉन ब्रैडमैन, पाकिस्तान के मजीद खान और आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर का नाम शामिल हैं। धवन ने अपनी पारी में खेली गई 96 गेंदों में 19 चौके और 3 छक्के लगाए हैं! विजय ने 153 गेंदों का सामना करते हुए 15 चौके और 1 छक्का जड़ा हैं। इस टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले अफगानिस्तान के आत्मविश्वासी कप्तान असगर स्टानिकजाई ने कहा था कि उनके स्पिन गेंदबाज भारत की स्पिन जोड़ी रविंद्र जडेजा और रविचंद्नन अश्विन से कई बेहतर हैं।

### फीफा वर्ल्ड कप: सुनील छेत्री स्पेन के लिए करेंगे चियर

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री फीफा वर्ल्ड कप में स्पेन की टीम के लिए चियर करेंगे। वह काफी समय से इस पूर्व चैंपियन टीम को फॉलो करते रहे हैं लेकिन अगले ही पल वह यह कहने से भी नहीं चूकते कि उनकी पसंदीदा टीम के चैंपियन बनने के आसार कम हैं। फटबॉल स्टार छेत्री ने किसी टीम के चैंपियन बनने की भविष्यवाणी तो नहीं की, लेकिन जिन चार टीमों को दावेदार बताया उसमें स्पेन भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस बार खिताब जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, फ्रांस और बेल्जियम में से ही कोई टीम जीतेगी। इनमें जर्मनी की संभावना ज्यादा है। इंग्लैंड को कम करके आंका जा रहा है, लेकिन अगर यह टीम कोई करिश्मा कर दे तो इसमें आश्चर्य नहीं होनी चाहिए।'

### फीफा वर्ल्ड कप: टीवी केबल खराब, मैच के लिए कैदियों की भूख हड़ताल

ब्यूनस आयर्स (आरएनएस)। फीफा वर्ल्ड कप का खुमार पूरी दुनिया पर छा रहा है और ऐसे में अर्जेंटीना की एक जेल के कैदी भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं क्योंकि जेल में लगे टीवी की केबल खराब है। इसे ठीक करने की मांग के साथ कैदियों ने भूख हड़ताल की है। ब्यूनस आयर्स से 1300 किलोमीटर दक्षिण में स्थित प्यूर्टो मैड्रिन जेल का हाल यह है कि वहां के कैदी हर हाल में वर्ल्ड कप के मैच देखना चाहते हैं।

प्यूर्टो मैड्रिन जेल के 9 कैदियों के बयान के मुताबिक, 'कैदियों के लिए केबल टीवी की सुविधा अनिवार्य अधिकार है। यह पिछले तीन दिनों से काम नहीं कर रहा और हमने फैसला किया है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, हम खाना नहीं खाएंगे।' अर्जेंटीना शनिवार को अपने अभियान की शुरुआत आइसलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। लंदन में अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इंग्लैंड ने करीब 1200 हुड़दंगियों को वर्ल्ड कप मैचों के लिए रूस जाने से रोक दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुल 1312 लोगों की पहचान करके उन्हें फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए रूस जाने से रोके जाने का फैसला किया गया था। इनमें से 1254 लोगों ने अपने पासपोर्ट व कागजात जमा कर दिए हैं, लेकिन अभी भी 58 ऐसे हैं जिनके पासपोर्ट हमारे पास नहीं पहुंचे हैं। इन 58 लोगों की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि करीब इंग्लैंड से 10 हजार लोग फीफा वर्ल्ड कप के मैचों को देखने के लिए रूस जाएंगे। ये तथाकथित हुड़दंगी वर्ल्ड कप में मैच के दौरान उपद्रव का माहौल पैदा कर असली फुटबॉल फैंस के आनंद में खलल डाल सकते थे। इस कारण वर्ल्ड कप से पहले इनके कागजात जब्त करने का फैसला लिया गया था।

## खेले बिना भी फुटबॉल विश्व कप 2018 की आत्मा बना हुआ है पाकिस्तान




नई दिल्ली (आरएनएस)। रूस में हो रहे फीफा विश्व कप 2018 के दौरान जिस गेंद का इस्तेमाल किया जा रहा है उसका आधिकारिक नाम है 'टेलस्टार 18'। इस बार फीफा विश्व कप मैचों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली यह गेंद काफी चर्चा में रही। फीफा विश्व कप में पाकिस्तान भले ही ना खेलता हो, लेकिन फुटबॉल के इस महासमर में अपनी उपस्थिति बहुत ही दमदार अंदाज में दर्ज कराता है। जी हां, आप बिल्कुल सही पढ़ रहे हैं। दरअसल, साल 2014 में ब्राजील में हुए विश्व कप के बाद इस बार भी फीफा विश्व कप में जिस गेंद का इस्तेमाल हो रहा है, वह पाकिस्तान में बनी है। 'टेलस्टार 18' गेंद को एडिडास कंपनी ने डिजाइन किया है और इसे पाकिस्तान के सियालकोट में बनाया गया है। ब्राजील में हुए 20वें फीफा विश्व कप में इस्तेमाल हुई 'ब्राजुका' गेंद भी पाकिस्तान में ही बनी थी।

## पहला टेस्ट: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी अफगानिस्तान को बधाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को उनके पहले टेस्ट मैच के लिए बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अफगानिस्तान के लोगो को उनके पहले टेस्ट मैच के लिए बधाई देता हूं। गुरुवार से अफगानिस्तान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच खेलेगा। इसके साथ ही वह टेस्ट खेलने वाले देशों के एलीट क्लब में शामिल हो जाएगा। अफगानिस्तानी टीम टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली 12वीं टीम होगी। मोदी ने इस मौके पर गुरुवार सुबह ट्वीट कर अफगानिस्तान के लोगों और टीम को बधाई दी। मोदी ने कहा, 'अफगानिस्तानी टीम अपना पहला टेस्ट खेल रही है इस मौके पर मैं अफगानिस्तान के लोगों को बधाई देता हूं। मुझे खुशी है उन्होंने इस ऐतिहासिक मैच के लिए भारत को चुना!

## फीफा फीवर: भारतीय रेस्त्रां मेन्यू में नेमार-मेस्सी के नाम पर डिशेस

नई दिल्ली (आरएनएस)। फीफा विश्व कप का लुत्फ उठाने के लिए अगर आप रूस नहीं जा सकते तो निराश होने की जरूरत नहीं क्योंकि भारत में भी फीफा फीवर लोगों के सिर चढ़ चुका है। देशभर के रेस्त्रां बार और कैफे ने फुटबॉल फैन्स को लुभाने के लिए खास मेन्यू कार्ड तैयार किया है, जो खिलाड़ियों और टीमों के नाम पर है। हैदराबाद के 'पार्क होटल ने खेल के दिग्गजों के नाम से विशेष मेन्यू तैयार किया है। जहां फैन्स के लिए 'लेव याशिन पिग्स इन ब्लैंकेट (रूस), 'मुलर्स स्ट्राइकिंग सॉसेज और सायरक्राट टर्नओवर (जर्मनी), 'नेमार फ्री किक चिकन और पाम हार्ट पेस्ट्रीज



(ब्राजील), मेसमराइजिंग मेस्सीज कोर्न एंड चीज एम्पाडास (अर्जेंटीना) और भी बहुत कुछ। कोलकाता के वालेद अदनान के लिए स्पोर्ट्स बार से फुटबॉल मैच देखना स्टेडियम जैसे अनुभव के सबसे करीब है। अदनान ने कहा, 'वहां माहौल काफी सौहार्दपूर्ण होता है।' उन्होंने कहा कि वहां ये पता करना आसान होता है कि कौन आपकी टीम का समर्थन कर रहा है जो आम तौर पर घर में दोस्तों के साथ टेलीविजन पर संभव नहीं होता है। फैन्स की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के एक रेस्त्रां ने पिज्जा का नाम विश्व कप में खेल रहे देशों के नाम पर रखा है। यहां फुटबाल प्रेमी पैपी पुर्तगाल, जर्मन मैजिक, बेल्जियम रश, फ्रेंच कनेक्शन, अर्जेंटीना ऊज्ज और ब्राजीलियन ट्रीट नाम का पिज्जा ऑर्डर कर सकते है, 'पिज्जा और पिचर बीयर का कांबो 499 रुपये में उपलब्ध है।' कोलकाता स्थित 'चायब्रेक रेस्तरां ने खिलाड़ियों के नाम पर मेन्यू तैयार किया है जिसमें मेस्सी मैजिक कालजोन पिज्जा और रोनाल्डो किक मैक्सिकन क्यूसेडिला शामिल है। मुंबई, कोलकाता, दिल्ली और बेंगलुरू में स्थित 'मंकी बार ने भी एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 'हाफ टाइम नाम का मेन्यू बनाया है जहां दूनियाभर के फुटबॉल स्नैक्स का फैन्स जायका ले सकते है। इसमें 'फुटबॉल फ्रसन, 'मेक्सिकन वेव, 'कान्स हाट डॉग और 'नंबर.10 नाम का खाना परोसा जाएगा। मंकी बार के मुख्य शेफ धीरज वर्मा ने कहा, ''मेन्यू में व्यंजनों को इस तरह से डिजाइन किया गया है जो समुदायिक भोजन को प्रोत्साहित करे और पेय चयन का पूरक हो।